भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2266

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में राष्ट्रीय आयुष मिशन का कार्यान्वयन

2266. श्री राजा राम सिंह:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बिहार में राष्ट्रीय आयुष मिशन के कार्यान्वयन की समीक्षा की है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) बिहार में कुल कितने आयुष अस्पतालों, महाविद्यालयों और संस्थानों को स्वीकृति प्रदान की गई है लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया गया है अथवा विलम्ब हुआ है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस संबंध में विगत पांच वर्षों के दौरान कुल कितनी धनराशि आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई; और

(घ) क्या बिहार में नए एकीकृत आयुष अस्पतालों अथवा अनुसंधान संस्थानों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): नीति आयोग द्वारा वर्ष 2025 में बिहार सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय की समग्र योजनाओं को शामिल करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत सात (7) केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) का मूल्यांकन किया गया है। हाल ही में 29 जून, 2026 से 1 जुलाई, 2026 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनएएम के तहत अवसंरचना विकास, सेवा प्रदायगी, मानव संसाधन, डिजिटल एकीकरण, दवाओं की आपूर्ति और शासन तंत्र की प्रगति का आकलन करने के लिए एक समीक्षा की गई है। इससे पहले भी ये समीक्षाएं 1-2 मई, 2025 को एनएएम कॉन्क्लेव के दौरान और सितंबर, 2025 महीने में "राज्यों में राष्ट्रीय आयुष मिशन और क्षमता निर्माण" पर विभागीय शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित की गई थीं। इसके अलावा, द्विपक्षीय बैठकें, आवधिक समीक्षा बैठकें और क्षेत्र दौरे नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

(ख): 2025-26 के दौरान राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से बिहार राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने कुल 10 एकीकृत आयुष अस्पतालों (सात, 50 बिस्तरों वाले और तीन, 10 बिस्तरों वाले) की स्थापना को मंजूरी दी है। तथापि, राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार इन अस्पतालों को कोई धनराशि आबंटित नहीं की गई है।

(ग): एनएएम के अंतर्गत, पिछले पांच वर्षों के दौरान बिहार राज्य सरकार को प्राप्त राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में यथा अनुमोदित विभिन्न कार्यकलापों के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय हिस्से के रूप में 3069.42 लाख रुपए की धनराशि जारी की गई है। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उन्होंने 2666.465 लाख रुपये की धनराशि व्यय की है।

(घ): ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****